卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

वर्ष 23 | अंक 290 | पृष्ठ 8 | रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) | शुक्रवार | 28 जुलाई 2023 | मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444262
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## सपा नेता के बयान पर घमासान

### स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयान पर सीएम ने साधा निशाना



देहरादून(उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य के बदरीनाथ धाम को बौद्ध धर्म स्थल बताने संबंधी बयान पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ-साथ समाजवादी पार्टी पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बद्रीनाथ धाम दुनिया भर के लोगों की आस्था और श्रद्धा का केंद्र है और स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिया गया बयान बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि वह जिस गठबंधन का हिस्सा हैं, उनके लिए ऐसे बयान देना स्वाभाविक है। समाजवादी पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य पर निशाना साधते हुए सीएम धामी ने कहा कि वह जिस गठबंधन का हिस्सा हैं, उनके लिए ऐसे बयान देना स्वाभाविक है। जो लोग तुष्टिकरण में विश्वास करते हैं और लोगों को बांटने का काम करते हैं। सीएम धामी ने कहा कि कम से कम स्वामी प्रसाद मौर्य को ऐसे बयान देने से पहले ध्यान देना चाहिए क्योंकि उनके नाम के आगे स्वामी है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के एक सदस्य के रूप में समाजवादी पार्टी के एक नेता की ओर से दिया गया यह बयान कांग्रेस और उसके सहयोगियों की देश व धर्म विरोधी सोच को दर्शाता है। बता दें रामचरित मानस विवाद के बाद साधु संतों पर आपत्ति जनक बयान देने वाले सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्य ने अब उत्तराखंड के पवित्र धार्मिक स्थल बदरीनाथ धाम को लेकर विवादित बयान दिया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि बद्रीनाथ 8वीं सदी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सरेबाजार युवक को गोली मारी

रामनगर(उद संवाददाता)। गुरुवार देर रात नेशनल हाईवे रानीखेत रोड पर दो युवकों ने एक युवक पर खुलेआम गोली चला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया घटना के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। घटना ने पुलिस के सुरक्षा दावों की भी पूरी तरह पोल खोल दिया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि बीती रात लखनपुर निवासी सुनील जोशी नाम के युवक पर लखनपुर चुंगी के समीप दो युवकों द्वारा गोली चला कर उसे घायल कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में पीड़ित (शेष पृष्ठ सात पर)



गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## खेलों में अनुशासन व खेल भावना जरूरी:खिमाल

### पुलिस वाहिनी खेल प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेलों में प्रतिभाग करने वाले हर खिलाड़ी में अनुशासन तथा खेल भावना जरूरी होती है। इसलिए खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से पूर्व हर खिलाड़ी को इसका विशेष ध्यान रखना चाहिए। यह बात जिला एवं सत्र न्यायधीश प्रेम सिंह खिमाल ने आज यहां पुलिस लाईन में आयोजित 22वीं अन्तर जनपदीय पुलिस वाहिनी कुश्ती, भारोत्तोलन, बॉक्सिंग, वेट लिफ्टिंग, बॉडी बिल्डिंग, आर्म कुश्ती, पावर लिफ्टिंग व (शेष पृष्ठ सात पर)

## खस्ताहाल सड़क पर कांग्रेसियों ने रोपे धान के पौधे



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प की सड़कों पर हो रहे जलभराव के विरोध में लोगों ने कांग्रेसियों ने खस्ताहाल सड़क पर धान रोपकर विरोध प्रकट किया। इस दौरान रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे भी लगाये गये। खस्ता हाल सड़क और जलभराव को लेकर तमाम महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा और महामंत्री अर्जुन विश्वास के नेतृत्व में तमाम कांग्रेसी शुक्रवार को ट्रांजिट कैम्प मुख्य मार्ग पर एकत्र हुए और नगर निगम एवं भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं के नारे भी लगाये। कांग्रेसियों ने सड़क पर धान रोपकर अपना विरोध प्रकट किया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं का कहना था कि जरा सी बारिश होते ही सड़क की स्थिति दयनीय हो जाती है जिससे व्यापारियो एवं स्थानीय लोगो को दिक्कतों का सामन करना पड़ता है। कांग्रेसी बार बार भाजपा सरकार को जगाने की कोशिश कर रहे है परन्तु भाजपा सरकार सुनने को राजी नहीं है। सीपी शर्मा ने कहा कि लगातार आवाज उठाने के बावजूद भाजपा (शेष पृष्ठ सात पर)

## शरीफ ने संतोष बनकर युवती से की दोस्ती,फिर किया दुष्कर्म

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा क्षेत्र में लव जिहाद का मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला विवेचक पीड़िता को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। यूपी निवासी युवती ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि यूपी के जिला शाहजहांपुर निवासी शरीफ ने खुद को संतोष सक्सेना बताकर उससे दोस्ती की और यहा भदईपुरा में किराए पर रह कर उससे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बना लिए। बताया कि विरोध करने पर उससे मारपीट की। उसे जान से मारने की भी धमकी दी गई। पीड़िता ने पुलिस से मदद गुहार लगाते हुए युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। विवेचना महिला एसआई नेहा राणा को दी गई है। उन्होंने बताया कि जांच में लव जिहाद का सामने आया तो आरोपी पर (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे के इंजेक्शनों सहित तस्कर दबोचा



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को भारी संख्या में नशीले इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम उनि संजीत कुमार राठौड, कानि. रिजवान अली, परवेज अली, मुन्ना सिंह व दिलशाद अहमद द्वारा क्षेत्र में चेकिंग के दौरान नशा तस्कर मो. शमशाद पुत्र सरफराज उर्फ जाट निवासी नई बस्ती ठोकर वार्ड 26 थाना बनभूलपुरा को कुल 18 नशीले इंजेक्शन की तस्करी करते हुए गौला पार्किंग नियर(शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क पार करते चौकीदार की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि नगर निगम कार्यालय के समीप ड्यटी जाने के लिए सड़क पार कर रहे बाजार के चौकीदार को तेज गति से आते अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल चौकीदार को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन चिकित्सालय आ पहुचे ओर शव देखकर उनमें कोहराम मच गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली तथा शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बबूरा थाना मिलक रामपुर निवासी 40 वर्षीय संदीप मिश्रा पुत्र राम भरोसे यहां मौहल्ला रम्पुरा में किरायेदार के रूप में रहता था और बाजार में विधवानी मार्केट में चौकीदार के रूप में काम करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि संदीप रोज की तरह रात्रि करीब 8.30 बजे घर से पैदल ड्यूटी के लिए रवाना हुआ। जब वह नगर(शेष पृष्ठ सात पर)

# डाम पास बसे दर्जनों ग्रामीणों की खेती बाड़ी पर लगी रोक

## वन विभाग के फरमान से दर्जनों परिवारों पर आया रोजी रोटी का संकट



नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नानकसागर डाम पार में आजादी से पूर्व पहाड़ से आकर जंगल के खत्तों में बसें दर्जनों परिवारों के सामने वन विभाग के फरमान से संकट पैदा हो गया है। वन विभाग ने खत्तों में रह रहें परिवारों पर खेती बाड़ी करने पर रोक लगा दी है, जिसके विरोध में दर्जनों लोगों ने सुतलीमठ चौकी में धरना देकर खेती बाड़ी करने की अनुमति देने की मांग की । नानकसागर डाम पार स्थित जोरासाल रेंज में गंगापुर खत्ता के पधान मोहन चन्द्र जोशी ने बताया कि उनके वंशज आजादी से पूर्व से ठंड के मौसम में जौरासाल रेंज के पीपल पानी खत्तें में आकर रहा करते थे। बाद में यही बस गए और परिवार के साथ खेती बाड़ी कर अपना गुजर बसर करने लगे। पधान के मुताबिक डेढ़ वर्श पूर्व पीपल पानी खत्तें में हाथियों का आना जाना हो गया। हाथियों के खतरों को भांपते हुये तत्काली रेंजर विजय भटट ने उतनी ही जमीन नापकर हमें गंगापुर खत्तें में बसा दिया। आरौप है कि वर्तमान रेंजर के0 आर टम्टा द्वारा खेती बाड़ी व सब्जी आदि बोने पर पूर्ण रोक लगा दी है। जिसके विरोध में दर्जनों ग्रामीण सूतलीमठ चौकी में जाकर धरने पर बैंठ गए और खेती बाड़ी करने की अनुमति मांगी। धरना देने वालों में खत्तें के पधान मोहन जोशी ,जगदीश अटवाल, गंगा दत्त जोशी, जय किशन, हुमा देवी, दुर्गा देवी राधा देवी, बच्ची देवी, देवी दत्त, बच्ची दत्त, शकर दत्त आदि थे। इधर वन विभाग के रेंजर से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया लेकिन सम्पर्क नही हो पाया। वन विभाग द्वारा खत्तों में बसे लोगों पर खेती बाड़ी पर रोक लगाने से उनके सामने रोजी रोटी का संकट पैदा हो गया है। वन विभाग ने ही नए खत्तें में बसाया था, समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र के सांसद अजय भटट को भी एक ज्ञापन पूर्व में दिया गया है।

## मच्छरों से बचाव को निगम ने कराई फोंगिंग

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगरवासियों को मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए नगर निगम द्वारा समस्त वार्डों में वृहद स्तर पर फोगिंग करने का अभियान चलाया जा रहा है। मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला ने बताया कि बरसात के कारण जगह जगह रुके हुए पानी में मच्छर पनप रहे हैं जिनसे संक्रामक रोग फैलते जा रहे हैं। जिस पर रोकथाम के लिए समस्त वार्डों में फोंगिग आई माध्यम से कीट



नाशक दवाओं का छिड़काव कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में डेंगू व अन्य बीमारियों के बढ़ते प्रकोप से बचाव हेतु नगर निगम व जिला प्रशासन द्वारा पूरे शहर में बीमारियों से बचाव हेतु फागिंग की जा रही है। गत दिवस फॉगिंग का कार्य मीरा मार्ग, नया बाजार, मंगल पड़ाव आदि क्षेत्रों में किया गया।

## संस्कृत विद्यालय मे स्वास्थ्य शिविर आयोजित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भारत विकास परिषद की नगर शाखा द्वारा परिषद के स्थापना दिवस पर स्वास्थ्य एवं एनीमिया जांच शिविर का आयोजन संस्कृत विद्यालय में किया गया। जिसमें 50 बच्चों की हीमोग्लोबिन की जांच की गई। उसमें 3 बच्चों में एनीमिया के लक्षण पाए गए। जिन्हें डॉक्टर अतुल राजपाल ने आयरन की दवाइयां देकर उपचारित किया। डेंटिस्ट डॉक्टर श्रेया मेहरा ने बच्चों के दांतो की




जांच की। जिसमें 20 बच्चों के दांतो में फिलिंग या रूट कैनाल की आवश्यकता पाई गई। इन बच्चों का उपचार परिषद शाखा द्वारा कराया जाएगा। शाखा अध्यक्ष भवानी शंकर नीरज ने बताया कि स्थापना दिवस पखवाड़े के अंतर्गत पूरे देश में भारत विकास परिषद इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव भगवान सहाय, सचिव डॉ. अभिषेक मित्तल, क्षेत्रीय संयोजिका संस्कार पाला मेहता, अशोक जैन, राकेश अग्रवाल, हर्षित खंडेलवाल आदि उपस्थित रहे।

## शिवसैनिकों ने मनाया उद्धव ठाकरे का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे का 63वां जन्मदिन शिवसैनिकों ने प्राइमरी स्कूल चौक बाजार में विद्यार्थियों के साथ धूमधाम से मनया। उन्होंने बच्चों को फल और मिष्ठान वितरण किये एव उनके दीर्घायु होने की कामना की। प्रदेश उपप्रमुख रूपेंद्र नागर ने कहा कि शिव सैनिक उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय हित, धर्म हित, समाज हित के लिए कार्य कर



रहे हैं। सभी शिव सैनिकों ने उद्धव साहब ठाकरे के जन्मदिवस की शुभकमनाएँ देते हुए सामाजिक काम करने का आह्वान किया। जन्मदिवस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, मंडल प्रमुख हेमन्त कुमार, मंडल सचिव पदम पाल, सरजू प्रसाद पांडे, संगठन मंत्री अशोक सिंधी, नगर उपाध्याय प्रमोद प्रमोद आर्य, सुनील गुप्ता, सुशील गुप्ता, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, नीरज नैनवाल सहित स्कूल के छात्र छात्राएं व स्कूल स्टाफ सम्मलित हुआ।

## आईएएस आकांक्षा कोंडे बनी अल्मोड़ा की सीडीओ

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।2018 बैच की आईएएस आकांक्षा कोंडे ने बीते बुधवार को अपराह्न में अल्मोड़ा जनपद की मुख्य विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाला लिया। श्रीमती कोण्डे इससे पूर्व महाप्रबंधक सिडकुल हरिद्वार



के पद पर तैनात थी। अल्मोड़ा में श्रीमती कोंडे 24 वें नंबर की मुख्य विकास अधिकारी हैं। इस दौरान उन्होंने अल्मोड़ा की संभ्रांत जनता का अभिवादन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना तथा योजनाओं का सही क्रियान्वयन करना उनकी प्राथमिकता में रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाएगा तथा जनता तथा मीडिया के माध्यम से आने वाली समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया जाएगा।

## एकम सनातन दल के अर्जुन बने विधानसभा सह संयोजक

गदरपुर(उद संवाददाता)। विधानसभा क्षेत्र में नवगठित राजनीतिक पार्टी एकम् सनातन भारत दल के कार्य विस्तार को गति देने के लिए युवा कार्यकर्ता अर्जुन रावत को पार्टी के विधानमा सह संयोजक के रूप में नियुक्त किया। पार्टी कार्यालय में पार्टी के प्रदेश सह संयोजक डा. आर.के. महाजन द्वारा अर्जुन रावत को नियुक्ति



पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर डा. महाजन ने कहा कि एकम् सनातन पार्टी अपने संघ सिद्धान्तों पर चलकर क्षेत्र में सनातन हिन्दुओं के पक्ष में कार्य करेगी तथा धर्म के द्रोहियों को चिन्हित करने का कार्य करेगी। इस अवसर पर गोपाल कश्यप, अमित रावत, अनिल ठाकुर, अजय रावत, सागर कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोन न चुकाने पर बैंक करेगा सील होटल एसवी की नीलामी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नैनीताल रोड स्थित एक निजी होटल को बैंक ने सील कर उसकी ऑन लाइन नीलामी की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नैनीताल रोड स्थित एक निजी होटल एसवी को बैंक ने प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में सील कर दिया। बैंक सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि होटल स्वामी द्वारा बैंक से 40 करोड़ रुपए का लोन लिया गया था। जिसका ब्याज मिलाकर 52 करोड़ रुपए हो रहे थे। होटल स्वामी पैसे देने में असमर्थ हो गए थे। जिनकी आरसी भी पूर्व में तहसील कार्यालय से काटी गई थी। होटल स्वामी को पैसा जमा करने का मौका भी बैंक द्वारा दिया गया था। लेकिन उनके द्वारा पैसा समय पर नहीं चुकाया गया। ऐसे में बैंक ने प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में होटल को सील कर दिया और आगामी 23 अगस्त को होटल की नीलामी की जाएगी। नीलामी ऑनलाइन होगी। सील किए गए होटल में कुछ शोरूम भी हैं। मंदी के इस दौर में होटल कारोबार को एक बड़ा झटका लगा है। इस होटल में बीजेपी और कांग्रेस के दोनों ही नेता अक्सर रुका करते थे जो बैंक द्वारा सील कर दिया गया है।




## विद्या मंदिर क्लासेस का नेशनल एडमिशन टेस्ट 30 जुलाई को

देहरादून(उद संवाददाता)। विद्यामंदिर क्लासेज (वीएमसी) अपना फ्लैगशिप टेस्ट कराने जा रहा है। एडमिशन और स्कॉलरशिप के लिए वीएमसी का नेशनल एडमिशन टेस्ट इसी महीने 30 जुलाई को कराया जाएगा। ये टेस्ट ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में होगा। इस टेस्ट का मकसद मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप देना और उन्हें बेहतर स्टडी के लिए तैयार करना है। ये टेस्ट उन बच्चों के लिए बूस्टर होता है जो जेईई और नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं या करना चाहते हैं। अभी जो बच्चे क्लास 5, 6, 7, 8, 9, 10 और 11 में पढ़ रहे हैं उन्हें इस टेस्ट में शामिल होने का अवसर मिलेगा। ये टेस्ट बच्चों के लिए विद्यामंदिर क्लासेज में खुद को एनरॉल कराने का एक बेहतर रास्ता है। नेशनल एडमिशन टेस्ट बच्चों को न सिर्फ 100 परसेंट स्कॉलरशिप पाने का मौका देता है बल्कि फ्री प्रैक्टिस टेस्ट, मॉक बोर्ड टेस्ट का भी मौका देता है। बच्चों को उनकी मौजूदा क्लास के लिए ई-स्टडी मटेरियल मिलता है। गर्ल स्टूडेंट और स्कूल टीचर्स के बच्चों को ट्यूशन फीस में 10 परसेंट की एक्स्ट्रा छूट दी जाती है। विद्यामंदिर क्लासेज के चीफ अकेडमिक ऑफिसर (सीएओ) सौरभ कुमार ने कहा विद्या मंदिर क्लासेज का सबसे पहला मकसद बच्चों के अंदर साइंटिफिक और टेक्निकल नॉलेज का मजबूत फाउंडेशन तैयार करना है ताकि वो बेहतर इंजीनियर और डॉक्टर बन सकें। नेशनल एडमिशन टेस्ट का उद्देश्य शुरुआती स्टेज में ही बच्चों को इस लायक बनाना है कि वो आने वाली डिफिकल्टी को आसानी से क्रैक कर सकें। हमारे कोर्स में छात्रों को फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स, बायो के बेसिक कंसेप्ट क्लियर कराए जाते हैं और उनके अंदर एनालिटिकल स्किल्स व समानांतर थिंकिंग प्रोसेस डवलप किया जाता है और उन्हें मुश्किल से मुश्किल प्रॉब्लम्स को क्रिएटिविटी के साथ सॉल्व करने के लिए सक्षम बनाया जाता है। क्लास 5,6,7 और 8 के छात्रों को नेशनल एडमिशन टेस्ट के अर्ली स्टार्ट एडवांटेज से लाभ होगा और मजबूत फंडामेंटल विकसित करने में मदद मिलेगी। विद्यामंदिर क्लासेस के सीबीओ अभिषेक शर्मा ने कहा कि वीएमसी की टीचिंग का सबसे बड़ा फॉर्मूला ये है कि यहां अलग-अलग स्टेज के हिसाब से बच्चों की जरूरत के अकॉर्डिंग टीचिंग मेथोडोलॉजी अपनाई जाती है। वीएमसी बहुत ही एक्सपीरियंस टीचर्स के साथ बच्चों की प्रिपरेशन कराता है। जेईई और नीट जैसे एग्जाम की तैयारी का कम से कम 10 साल एक्सपीरियंस रखने वाली फैकल्टी वीएमसी में बच्चों को पढ़ाती है। जो छात्र आगे चलकर जेईई और नीट का एग्जाम पास कर देश के टॉप इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज में एडमिशन पाना चाहते हैं उनके लिए वीएमसी का ये नेशनल एडमिशन टेस्ट बेहद अहम है।

## चाचा ने भतीजे पर लगाया मारपीट और धमकी देने का आरोप

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सीर गोटिया निवासी एक व्यक्ति ने भतीजे पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस चौकी रम्पुरा क्षेत्र सीर गोटिया निवासी इरफान पुत्र मेहरबान अली पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसका भतीजा रिजवान पुत्र उस्मान उसको और परिवार के साथ आये दिन गाली गलौच व मारपीट करता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देता है। बताया कि वह मूकबधिर है, इसी लिए भतीजा उसका फायदा उठाता है। मेरी जगह का हिस्सा हड़पना चाहता है। उन्होंने रिजवान से अपनी व अपने परिवार की जानमाल का खतरा बताते हुए मदद की गुहार लगाई। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# मुख्य बाजार में जलभराव से बाढ़ जैसे हालात

## मूसलाधार बारिश से जलमग्न हुई सड़कें, दुकानों में भी घुसा पानी, नगर निगम की व्यवस्थाओं की खुली पोल





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बृहस्पतिवार शाम हुई मूसलाधार बारिश के बाद शहर के मुख्य बाजार में एक बार फिर बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये। सड़कों ने तालाब का रूप ले लिया। वहीं दुकानों में भी बरसात का पानी घुसने से कई व्यापारियों को नुकसान भी हुआ है। जानकारी के अनुसार बीती शाम हुई दो घंटे तक लगातार हुई मूसलाधार बारिश ने एक बार फिर नगर निगम की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। कुछ देर की बारिश के बाद ही शहर में जिधर देखो उधर पानी पानी नजर आया। जिसके जनजीवन प्रभावित हो गया। मूसलाधार बारिश से सिविल लाईन, गांधी पार्क रोड, मुख्य बाजार मेन रोड, इंदिरा कालोनी रोड शहर की कई सड़कों जलमग्न हो गयी। जिससे आवाजाही में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मुख्य बाजार में बारिश का पानी कई दुकानों में भी घुस गया। जिससे व्यापारियों में हड़कम्प मच गया। व्यापारियों में नगर निगम के खिलाफ रोष देखा गया। उनका कहना था कि हर बार बारिश से व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ता है इसके बावजूद नगर निगम ने जलभराव से निपटने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किये हैं। जलभराव से निपटने के लिए बाजार में करोड़ों रूपये खर्च करके नालियों का निर्माण किया गया लेकिन स्थिति आज भी जस की तस है। जलभराव से व्यापारियों को आज भी निजाजत नहीं मिल पा रही है। जरा सी बारिश में भी बाजार की हालत बदतर हो जाती है। इससे व्यापारियों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि बारिश के दौरान पानी नालियों में चोक होने से जलभराव के हालातपैदा हो रहे है सफाई कर्मचारियों को विभन्न क्षेत्रों में चोक हो रहे नालों को खोलने के लिये तैनात करने की जरूरत है।




## ट्रांजिट कैम्प में कई घरों में घुसा बारिश का पानी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प ई ब्लाक में नालियां चौक होने से बारिश का पानी कई घरों में घुस गया। जिससे लोगों में हड़कम्प मच गया। बमुश्किल लोगों ने घर का सामान बचाया। इस दौरान लोगों में नगर निगम के खिलाफ रोष देखा गया। जानकारी के मुताबिक बीती शाम मूसलाधार बारिश के दौरान ट्रांजिट कैम्प ई ब्लाक की गली में कई घरों में बारिश का पानी घुसने से वहां लोगों में हड़कम्प मच गया। लोग आनन फानन में घर का सामान बचाने की जुगत में लगे रहे। दरअसल नाली की सफाई नहीं होने से बारिश का पानी ओवर फ्लो होने से पानी घरों में घुस गया और पूरी सड़क ने तलैया का रूप ले लिया। जलभराव की स्थिति गंभीर होती देख लोगों ने नगर निगम के सुपरवाईजर को फोन किया। लोगों का कहना है कि फोन करने के बाद नगर निगम के सफाई कर्मी वहां पहुंचे लेकिन हालात देखकर भी वह वापस लौट गये। बाद में मोहल्ले वासियों ने चोक हो चुकी नाली को खुद खोला जिसके बाद पानी की निकासी हो पायी। इस दौरान लोगों में नगर निगम के खिलाफ रोष देखा गया। लोगों का कहना था कि सफाई कर्मी नियमित रूप से नालियों की सफाई करते तो ऐसी स्थिति नहीं होती। उनका कहना था कि सफाई कर्मी मनमानी करते हैं जिसके चलते सफाई व्यवस्था चरमरा गयी है।



## किसानों ने विरोध प्रदर्शन कर रोका टंकी का निर्माण

गदरपुर( उद संवाददाता)। राष्ट्रीय राजमार्ग 74 बाईपास पर ग्राम मुकंदपुर डेरा में वर्षो से भूमि पर काबिज किसान की भूमि पर जल निगम द्वारा जल मिशन की टंकी लगाये जाने से आक्रोशित किसानों ने प्रदर्शन करते हुए पेयजल योजना के जेई को बोरवेल मशीन सहित वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। किसानों का कहना था कि यह भूमि वर्ग 5 में दर्ज है तथा 50 वर्षों से वह भूमि पर फसल बो रहे हैं। मंगलवार को पेयजल निगम के जेई प्रभात जोशी बोरवेल मशीन के साथ ग्राम मुकंदपुर डेरा पहुंचे। जहां पर जल मिशन की टंकी का निर्माण किया जाना था। जैसे ही इसकी सूचना किसान निर्मल सिंह को मिली तो उसने इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह गोराया को दी। विक्रम सिंह गोराया के नेतृत्व में दर्जनों किसान मौके पर पहुंचे और उनकी जेई प्रभात जोशी से काफी नोकझोंक हुई। जिलाध्यक्ष विक्रम का कहना था कि निर्मल सिंह के दादा के समय की जमीन उनके पास है और वह उस पर खेती भी कर रहे हैं। इस भूमि पर बाउंड्री वाल और कमरा भी बना हुआ है। वह किसी भी हालत में यहां पर बोरवेल नहीं होने देंगे। उनका कहना था। कि अगर सरकार के द्वारा जबरदस्ती की गई तो यहीं पर भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक दल से जुड़े कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन करेंगे। मामले को बढ़ता देख जेई प्रभात जोशी ने कार्य को रुकवा दिया। उनका कहना था कि प्रशासन द्वारा उनसे कहा गया था कि ग्राम मुकंदपुर में बंजर जमीन है। वहां पर जाकर बोरवेल करें। उन्होंने कहा इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को देंगे। धरना प्रदर्शन करने वालों में भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक दल के जिलाध्यक्ष विक्रम गोराया, डीबीसी के पूर्व अध्यक्ष सुभाष बेहड, निर्मल सिंह, बसंत सिंह प्रताप सिंह, विक्रम सिंह, सुखविंदर सिंह बटला, परमजीत सिंह, भगवान सिंह, देवेंद्र सिंह, अमनदीप सिंह, सतनाम सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जोगा सिंह, जयदीप सिंह सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।



## राजपुरा वासियों ने खाली बर्तनों के साथ किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राजपुरा शिव मन्दिर के लगा ट्यूबवेल खराब होने राजेन्द्र नगर व राजपुरा पड़ाव की करीब 10 हजार की आबादी पानी की बूंद बूंद के लिये परेशान है। जिसके विरोध में यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू अगुवाई में स्थानीय महिलाओं बच्चों ने खाली बर्तनों के साथ जोरदार विरोध



कर तत्काल पेयजल व्यवस्था ठीक करने की मांग की।हेमन्त साहू व सामाजिक कार्यकर्ता प्रीती आर्या ने कहा जनता पानी की बूंद बूंद के लिए परेशान है। विभाग द्वारा हमेशा निम्न गुणवत्ता की मोटर लगाई जाती है। जिससे हमेशा मोटर फूक जाती है। जिन बच्चों की पढ़ने ,खेलने कूदने की उम्र है वो हमेशा पानी व्यवस्था में लगे रहते है। विभाग द्वारा भेजे जा रहे टैंकर नाकाफी है। जल्द समस्या का समाधान न होने जल संस्थान कार्यालय में ताला बंदी की जायेगी। प्रदर्शन करने वालों में मोनू चौहान, सुमन शर्मा, बबिता आर्या, साहिल राज, स्नेहा बाल्मीकि, कोमल देवी, गीता देवी, सचिन राठौर समेत कई महिलाएं व बच्चे थे।

## राज्य की अंडर 15 बालक बालिका थ्रो बॉल टीम का चयन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड थ्रोबाल एसोसिएशन द्वारा राज्य की अंडर 15 बालक एवं बालिका टीम का राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया कल 29 जुलाई दिन शनिवार को प्रात: 11 बजे से रुद्रा पब्लिक स्कूल जयनगर दिनेशपुर मे होगी। जिन खिलाड़ियों का जन्म 1 जनवरी 2008 या उसके बाद हुआ है वे इस चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। उत्तराखंड रोबोट एसोसिएशन के संयुक्त सचिव सूरज विश्वास ने बताया कि चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने के लिए सभी खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति साथ लेकर आना अनिवार्य है। इस चयन प्रक्रिया में 14 बालक एवं 14 बालिकाओं का चयन होना है। चयनित खिलाड़ी आगामी 4 अगस्त से 6 अगस्त तक होने वाली थ्रोबाल राष्ट्रीय प्रतियोगिता पुदुचेरी तमिलनाडु मे भाग लेंगे।इस चयन प्रक्रिया के दौरान डॉ.नागेंद्र शर्मा, नितीश सरकार प्रधानाचार्य–रुद्रा पब्लिक स्कूल, योगेश पांडे, चेतन भट्ट, नीतीश कुमार उपस्थित रहेंगे।

## विद्युत चोरी के आरोप में दो लोग नामजद

काशीपुर( उद संवाददाता)। विद्युत चोरी के आरोप में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत किया है। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर विद्युत विभाग के उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि वाल्मीकि बस्ती मोहल्ला महेशपुरा निवासी विजय पुत्र सुकन तथा यही कि सोनू पुत्र रामशरण लंबे समय से जुलाई में कटिया डालकर विद्युत चोरी किया करते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया है।

## भाजपा कार्यकर्ता एवं किसानों ने सुना पीएम मोदी का लाईव भाषण

गदरपुर( उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 125000 राष्ट्रीय बाजार किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन करने के साथ प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि 2000 की 14 वी किस्त जारी की गई । वार्ड नंबर 2 स्थित सहकारी क्रय विक्रय समिति परिसर में प्रधानमंत्री का लाइव भाषण सुना गया भाजपा किसान मोर्चा



उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा सहभागिता की गई। इस मौके पर किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष जसवीर चीमा, भाजपा, मंडी समिति चेयरमैन सुभाष गुंबर,किसान मोर्चा के महामंत्री सुरजीत सिंह, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद पाल,मंडल महामंत्री अनिल जेटली एवम अभिषेक वर्मा के अलावा हरलोक सिंह नामधारी,संगम हुड़िया,रमन चौधरी, नीरज सहित तमाम कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

## दुर्घटना के दोषी वाहन चालक को तीन सप्ताह बाद भी नहीं पकड़ पायी पुलिस

हरिद्वार( उद संवाददाता)। कावंड़िये को टक्कर मारकर मौत के घाट उतारने वाले वाहन चालक को हरिद्वार पुलिस तीन सप्ताह बाद भी नहीं पकड़ पायी है और न ही उस वाहन का पता चला है जिसने दुर्घटना को अंजाम दिया है। बता दें दिल्ली कावड़ यात्रा पर पहुंचे केशव उर्फ गोलू को 5 जुलाई को बहादराबाद थाना क्षेत्र में पतंजली योग पीठ के पास रात दस बजे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। घायल गोलू को उपचार के लिए 108 से हरिद्वार स्थित हॉस्पिटल ले जाया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए उसे ऋषिकेश एम्स रैफर कर दिया गया। जहां 9 जुलाई को उसकी मौत हो गयी। मृतक के परिजनों की ओर से बहादराबाद थाने में घटना की रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी लेकिन अभी तक पुलिस दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन चालक और वाहन को नहीं पकड़ पायी है। जबकि घटना स्थल के आस पास कई सीसी कैमरे लगे थे। लेकिन पुलिस मामले को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं दिखा रही। पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर मृतक के परिजनों में रोष है। उनका कहना है कि पुलिस वालों से कार्रवाई की बात करते हैं तो वह कहते हैं कि जब गाड़ी मिल जायेगी तब फोन कर देंगे।

# सीएम हेल्पलाईन के शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर समाधान किया जाए : धामी

## सीएम ने पंजीकृत शिकायतों के आंनलाईन डैस्क बोर्ड का किया शुभारंभ

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सीएम हेल्पलाइन-1905 की समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री जन समर्पण दिवस (सहयोग से समाधान की ओर) डिजिटाइजेशन प्रक्रिया द्वारा तहसील दिवस एवं जिलाधिकारी जनता दिवस पोर्टल का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए जब तक शिकायतकर्ता पूर्ण रूप से संतुष्ट नहीं हो जाता है, उनकी शिकायत फोर्सली क्लोज न की जाए यदि कोई अधिकारी ऐसा कर रहे हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग और नगर निगम में एक ही दिन में कई शिकायतों के निस्तारण होने पर सचिव लोक निर्माण विभाग एवं आयुक्त गढ़वाल मण्डल इसकी जांच करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाईन पर आ रही शिकायतों के सबंध में शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर उनका समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि अगली बैठकों में यह भी देखा जायेगा कि कौन अधिकारी शिकायतकर्ताओं से निरंतर बातचीत कर रहे हैं व कौन लापरवाही बरत रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सतर्कता अधिष्ठान को मजबूत बनाने के लिए अपने विभागों में एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन 1905 के सफल संचालन के लिए कार्य कर रहे लोगों को और अधिक प्रशिक्षित किया जाए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ शिकायतकर्ताओं से फोन से वार्ता की एवं उनकी समस्याओं की जानकारी ली। कुछ शिकायतों का समाधान किया जा चुका था। जिन समस्याओं का समाधान अभी नहीं हुआ था, मुख्यमंत्री ने सबंधित अधिकारियों को शीघ्र उनका समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, डीजीपी श्री अशोक कुमार, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, सचिवगण, अपर सचिवगण, विभागीय एचओडी एवं वर्चुअल माध्यम से सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे।








# मैदानी क्षेत्रों में बाढ़ प्रबंधन योजना पर आपसी समन्वय बनायें : सिन्हा

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिव आपदा प्रबंधन डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आज सचिवालय में उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों विशेष रूप से राज्य के मैदानी क्षेत्रों के लिए बाढ़ प्रबंधन योजना बनाए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई । सचिव आपदा प्रबंधन ने सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश, केंद्रीय जल आयोग, आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियो को आपसी समन्वय के साथ बाढ़ प्रबंधन योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य के पहाड़ी एवं मैदानी क्षेत्रों की नदियों के जल संग्रहण क्षेत्र में होने वाली वर्षा के साथ ही ऊपरी क्षेत्र में नदियों के जल स्तर व जल प्रवाह की जानकारी के आधार पर बाढ़ से प्रभावित हो सकने वाले मैदानी क्षेत्रों के लिए चेतावनी की व्यवस्था मजबूत की जाए। सचिव आपदा प्रबंधन ने कहा कि केन्द्रीय जल आयोग के कुमाऊँ डिविजन, आपदा प्रबंधन कार्यालय देहरादून में भी सूचनाओं का आदान-प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा भारतीय सर्वेक्षण विभाग से सम्पूर्ण राज्य के डिजिटल टोपेग्राफिक मानचित्र प्राप्त कर मानचित्र पर आंकड़ों को रेखांकित किया जाए । बैठक में केंद्रीय जल आयोग, सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश, सिंचाई विभाग उत्तराखण्ड के अधिकारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# कुमाऊं मण्डल में 76469 शिकायतों का निस्तारण किया गया

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को वीसी के माध्यम से सीएम हैल्पलाइन 1905 की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सीएम हैल्प लाइन पर आयी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारी नियमित सीएम पोर्टल की मानिटरिंग कर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण करें, शिकायकर्ता की शिकायत निस्तारण होने पर दूरभाष पर शिकायतकर्ता को समाधान होने पर अवश्य बतायें जिससे शिकायतकर्ता भी संतुष्ट हो। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा सरकार का मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान, निस्तारण व संतुष्टि है। उन्होंने कहा सभी कार्यस्थलों पर भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत के लिए 1064 एंटी करप्शन बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित करेंगे। वीसी में आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि मण्डल में कुल 93206 शिकायतें सीएम पोर्टल पर दर्ज हुई जिसमें से 76469 शिकायतों का निस्तारण किया गया है, शेष 7784 शिकायतें आशिंक रूप से बन्द की गई तथा 8953 शिकायतें शेष है जिनका शीघ्र ही निस्तारण करने के निर्देश दिये हैं। आयुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री हैल्प लाईन 1905 की समीक्षा मण्डल में नियमित की जाती है।



श्री बांके बिहारी की कृपा से
श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा
दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक
● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था
प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये
यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्धालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।
सम्पर्क करे-7248133444,8476003072



# डीएम ने सड़क निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के दिये निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में यात्राओं को सरल,सुखद एवं सुरक्षित बनाने के लिए सड़क निर्माण कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। यह निर्देश जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कैम्प कार्यालय में सड़क निर्माण एजेंन्सियों को बैठक लेते हुए दिये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करना सुनिश्चित करें तथा अन्य विभागों से कराये जाने वाले कार्यों एवं प्रक्रिया को भी समय से पूर्ण कराने हेतु समय रहते समय रहते पत्राचार करने व व्यक्तिगत रूप सम्बन्धित अधिकारी से वार्ता करने के निर्देश दिये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि रोड निर्माण हेतु तेजी से कार्यवाही की जाये तथा आपस में किसी भी प्रकार का कम्यूनिकेशन गैप न हो। जिलाधिकारी ने रामपुर-काठगोदाम रोड निर्माण कार्य में सोनिया होटल से जिला चिकित्सालय के पास तक रोड़ निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण हेतु जिला विकास प्राधिकरण द्वारा तैयार प्रपोजल के अनुरूप कार्य करने के लिए एनएचएआई, कॉन्ट्रेक्टर तथा जिला विकास प्राधिकरण को संयुक्त निरीक्षण एवं बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। डीएम ने रामपुर-काठगोदाम मार्ग निर्माण हेतु सामग्री ढुलान कार्य में लगे वाहनों के संचालन में किसी भी प्रकार



की दिक्कत न हो, इसलिए वाहनों के नम्बर उपलब्ध कराने के निर्देश पीडी एनएचएआई को दिये। उन्होंने काशीपुर बायपास, रूद्रपुर रिंग रोड़ निर्माण कार्य हेतु 3ए,3जी 3डी तथा मुआवजा वितरण की कार्यवाही तेजी से पूरी करने के निर्देश दिये। उन्होंने मुआवजा वितरण कार्य त्रुटिरहित कराने हेतु बैंक डिटेल सही से भरने के निर्देश दिये। उन्होंने मुआवजा राशि शीघ्रता से वितरित करने के लिए एनएचएआई तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों को आपसी सहयोग से कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि सटीक एकाउण्ट डिटेल ली जाये ताकि गलत खातों में धनराशि ट्रांसफर न हो सके। उन्होंने सितारगंज-पीलीभीत मार्ग निर्माण कार्य से सम्बन्धित हितधारकों को मुआवजा राशि शीघ्रता से मुआवजा राशि वितरित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने काशीपुर में रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने रेवले ब्रिज की डिजाइन एवं स्ट्रक्चर आदि से सम्बन्धित निरीक्षण कार्य शीघ्रता से सम्पन्न कराने हेतु चीफ इंजीनियर पूर्वोत्तर से दूरभाष पर वार्ता कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने काशीपुर- रामनगर बायपास निर्माण कार्य हेतु तेजी से कार्यवाही करने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएचएआई को दिये। उन्होंने गदरपुर बायपात तथा खटीमा बायपास का निरीक्षण करने तथा रोड को सही करने के निर्देश सम्बन्धित क्षेत्रों के परियोजना निदेशकों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, उपाध्यक्ष जिला विकास प्राधिकरण हरीश काण्डपाल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी मनीश बिश्ट, कौस्तुभ मिश्रा, पीडी एनएचएआई बरेली डिवीजन बीडी पाठक, रूद्रपुर डिवीजन विकास मित्तल, अधिशासी अभियंता विजय कुमार, विनोद प्रसाद डोबरियाल आदि उपस्थित थे।

# पालिकाध्यक्ष ने जीजीआईसी स्कूल को भेंट किये दस पंखे

किच्छा (उद संवाददाता)। नगर के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज जीजीआईसी में नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने अपने निजी खर्च से विद्यालय परिवार को 10 पंखे दान किए नगर पालिका ने बताया कि पूर्व में हुए एक कार्यक्रम के दौरान किच्छा के राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में विद्यालय परिवार ने उन्हें विद्यालय की तमाम समस्याओं से अवगत कराया था जिसमें प्रमुखता से उन्होंने संज्ञान लेते हुए पाया की विद्यालय की कक्षा कक्षाओं में छत वाले पंखे ना होने के चलते तमाम छात्राएं गर्मी से जूझ रही हैं जिस पर उन्होंने वहां अपने निजी खर्चे से 10 पंखे



विद्यालय को देने की घोषणा की थी जिस पर उन्होंने विद्यालय परिवार को विद्यालय में पहुंचकर पंखे दान किए। जिस पर प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता यादव ने पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली का आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड़, कांग्रेस महिला प्रदेश महामंत्री सुनीता कश्यप, गुड्डू तिवारी, ओमप्रकाश दुआ, जगरूप सिंह गोल्डी, दानिश मलिक सोनू, कैलाश जोशी, दलजीत सिंह, धर्मेंद सिंधी कक्कड़, डिंपल, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# सिलाई प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरित किये

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह लगातार प्रयासरत हैं कि शहर के कोने कोने में किसी भी बस्ती में रहने वाली जरूरतमंद महिला को वह कैसे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाएं। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वह सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं को अपने पैरों पर खड़ा करना चाहती है, जिससे वह अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें स श्रीमती शर्मा बृहस्पतिवार को जैन मंदिर आदर्श कॉलोनी में शहर के प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ जैन के सानिध्य में चल रहे कौशल सुधार योजना के अंतर्गत तीसरे सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविर की प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कर रही थी। इससे पूर्व महिलाओं ने प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ जैन और पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया। बाद में 50 महिलाओं को 3 माह के निशुल्क प्रशिक्षण के पश्चात उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यहां अपने संबोधन में श्रीमति शर्मा ने कहा कि शहर के प्रमुख समाजसेवी अमरनाथ जैन की अनुकंपा से वह सैकड़ों महिलाओं को स्वाबलंबी और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है। उनका सपना है कि शहर की तमाम बस्तियों में रहने वाली गरीब और जरूरतमंद महिला को वह अपने पैरों पर खड़ा करें। जिससे वह अपने परिवार की मदद कर सके। इस अवसर पर श्री जैन ने कहा की वह चाहते है की महिलाए मजबूती से आगे बड़े,और रोजगार कर अपने परिवार की मदद करें। इस अवसर पर ट्रेनर रेखा देवनाथ, सुपरवाइजर सुनील कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।



# मोहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्वक और शांति से मनाया जाये : उदय राज

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में आगामी मोहर्रम को शांतिपूर्ण तरीके से मनाये जाने हेतु कलेक्ट्रेट सभागर में अमन कमेटी बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार रजिस्टर के अनुसार सौहार्दपूर्वक व प्रकार की किसी भी समुदाय को कोई परेशानी न हो। उन्होने कहा कि निर्धारित मानक के अनुसार ही ताजिये बनाये जाये। उन्होने कहा कि मानव सुरक्षा ही सर्वोपरि है इसको ध्यान में रखते हुये त्यौहार को मनाया जाये। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी ने कहा कि अवसर पर पेयजल आपूर्ति, बिजली व साफ-सफाई व्यवस्था को दुरस्थ रखने को कहा ताकि किसी प्रकार की गंदगी न हो। उन्होने कहा कि जिला प्रशान का पूरा सहयोग किया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, एसपी चंद्रशेखर घोड़के, मनोज कत्याल,



शांति तरीके से त्योहार को मनाया जाये। उन्होने कहा कि त्योहार को पुरानी परम्परा के अनुरूप ही मनाये किसी भी प्रकार की नई परम्परा की अनुमति नही होगी। उन्होने कहा कि इस समय कांवर यात्रा भी चल रही है इसको ध्यान में रखते हुये निर्धारित रूट से ही शांतिपूर्वक ताजिये को लेकर जाये ताकि किसी भी प्रकार के माहौल खराब करने वाली वीडियों, फोटो या सेल्फी को सोशल मीडिया पर न अपलोड करें, ऐसा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। मौलाना जाहिद रजा रिजवी ने कहा कि मोहर्रम को पूर्व की भांति शांतिपूर्वक मनाया जायेगा। उन्होने मोहर्रम के उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, अध्यक्ष नगर पालिका गदरपुर गुलाम गौस, अध्यक्ष नगर पंचायत केलाखेड़ा अकरम पठान, मौलाना इरफानुलहक कादरी, अयूब खॉ, नासिर खान, लियाकत अली, इकबाल अहमद, मौ0 आरिफ, रिजवान, परवेज अहमद, मौ0 उमर, साबिर अली आदि उपस्थित थे।

# एनसीसी इकाई स्थापना के लिए माउंट लिटेरा जी स्कूल का किया निरीक्षण

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। एनसीसी बटालियन-78 की टीम ने माउंट लिटेरा जी स्कूल में इकाई की स्थापना के लिए मौजूद संसाधनों का निरीक्षण किया। माउंट लिटेरा जी स्कूल के प्रधानाचार्य संदीप नैथानी ने एनसीसी को आवेदन देकर स्कूल में इकाई खोलने की इच्छा जताई थी। स्कूल का निरीक्षण करने पहुंची टीम में एनसीसी के नायब सूबेदार दिनेश सिंह नयाल,आशीष थापा व अन्य सदस्य शामिल



थे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि एनसीसी टीम को सभी संभावित स्थलों का निरीक्षण कराने के बाद आवश्यक जानकारी दी गई। टीम ने एनसीसी की इकाई के लिए आवश्यक ऑफिस, प्ले ग्राउंड आदि सुविधाओं पर संतोष अभिव्यक्त किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए बताया कि बहुत जल्द ही स्कूल में एनसीसी की इकाई खोलने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। तब यहां के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा के साथ एनसीसी की ट्रेनिंग मिलने लगेगी। इस अवसर पर जरनैल सिंह, यादवेंद्र उपाध्याय, कुंदन गोस्वामी, बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे।

# श्री राम कथा सुन श्रद्धालु हुए मंत्रमुग्ध

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा आदर्श कॉलोनी स्थित श्री अनंत प्रेम आश्रम पहुंची, जहां उन्होंने श्री राम कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्रीमती शर्मा ने कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी को फूलों की पर बड़ी संख्या में रामभक्त,श्रद्धालु उपस्थित थे। यहां श्रीमती शर्मा ने कहा कि श्री राम कथा से मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के जीवन परिचय को बहुत अच्छे से समझा जा सकता है,उन्होंने कहा कि श्री राम कथा हमारी संस्कृति,सभ्यता और संस्कारों को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम है,



बड़ी माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया और उनसे आशीर्वाद लिया। बाद में कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी ने अपने श्रीमुख से भगवान श्री राम के जन्म की सुंदर लीला का चित्रण किया। इस अवसर इसलिए हमें अपनी भावी पीढ़ी को भी श्री राम कथा के बारे में अच्छे से बताना चाहिए, जिससे हमारी युवा पीढ़ी के अंदर भी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जैसे आदर्श पैदा हो सके,जिससे वह संस्कारवान बन सके।

# ग्रीन पैनल इंडस्ट्रीज में सिक्स सिग्मा के छात्र का चयन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा छात्रों का प्लेसमेंट कराया गया। यह प्लेसमेंट प्रक्रिया का आयोजन सिक्स सिग्मा के ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रक्रिया को कंपनी के एच.आर. हेड मनोज द्वारा किया गया। सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण, कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी। इस प्रक्रिया में इस संस्थान के 10



प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमे से 1 प्रतिभागी का चयन हुआ। चयनित छात्र में खुशी व सकारात्मक भावना थी। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर रजत धवन को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डॉ सीमा अरोरा, मैनेज्मेंट टीम मेम्बर वंश डाबर ,कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ विजय सिंह जी, व सीएओ श्री अनुभव बाठला ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रदान की।

# ‘इंडिया’ का अविश्वास प्रस्ताव का गिरना तय!

विपक्ष के नए-नए गठबंधन ‘इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इन्क्लूसिव अलायंस’ (इंडिया) द्वारा लोकसभा में एक ऐसा अविश्वास प्रस्ताव लाया जा रहा है, जिसका गिरना तय है। मणिपुर हिंसा के मुद्दे पर संसद में जारी दोनों सदनों में गतिरोध के बीच कांग्रेस और इंडिया की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मणिपुर के मुद्दे पर सदन में बोलने के लिए बाध्य करने की रणनीति के तहत यह प्रस्ताव पेश किया गया, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया। अब बिरला सभी दलों के नेताओं से चर्चा के बाद प्रस्ताव पर परिचर्चा की तिथि तय करेंगे। अविश्वास पर बहस के बाद मतदान भी संभव है। नियमों के अंतर्गत पूर्वोत्तर के ही राज्य असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगाई ने अध्यक्ष के समक्ष यह प्रस्ताव रखा था। संसद में गतिरोध या विपक्षी दलों की हठधर्मिता कोई नई बात नहीं है, संसद के नियमों में इस बात की पर्याप्त गुंजाइश है कि सरकार को किसी विषय पर उत्तर देने के लिए विवश कर दिया जाए। ऐसा पहले भी होता रहा है। कोई भी लोकसभा सदस्य नियम 184 के तहत लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकता है। सदन की मंजूरी के बाद इस पर चर्चा और फिर निर्णायक स्थिति अंजाम तक पहुंचाने के नजरिए से मतदान होता है। लेकिन प्रस्ताव पर बहस की मंजूरी के लिए कम से कम 50 सदस्यों का समर्थन जरूरी है। 50 से ज्यादा सदस्यों का समर्थन मिलना निश्चित है। बावजूद भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार के लिए दूर-दूर तक कोई खतरा नहीं है। वर्तमान लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। फिलहाल पांच खाली हैं। इनमें करीब 333 से अधिक सांसद भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन व अन्य सहयोगी घटक दलों के हैं। 301 सांसद अकेली भारतीय जनता पार्टी के हैं। कांग्रेस समेत इंडिया के कुल 142 सांसद हैं। यदि इंडिया को ‘तेलंगाना राष्ट्र समिति’ (बीआरएस) का समर्थ मिल जाता है तो यह संख्या बढ़कर 151 हो सकती है ? इस दल के अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव हैं, जो तेलंगाना राज्य के पहले मुख्यमंत्री भी हैं। करीब 60 सांसद ऐसे हैं, जिनका दोनों प्रमुख गठबंधन के दलों से कोई नाता नहीं है। अर्थात ये मतदान के समय अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र हैं। ऐसे में इनका समर्थन सत्तारुढ़ राजग को मिलने की संभावना जताई जा रही है। नौ वर्षों में यह दूसरा अवसर है, जब नरेंद्र मोदी सरकार अविश्वास प्रस्ताव का सामना करेगी। इससे पहले जुलाई 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लाया था, लेकिन उसे जबरदस्त मतों के अंतर से मुंह की खानी पड़ी थी। इस अविश्वास प्रस्ताव के समर्थन में महज 126 मत गिरे थे, जबकि इसके विरुद्ध 325 सांसदों ने अपने मत का उपयोग किया था। इस बार भी इस हठधार्मिता का भविष्य लगभग तय है, क्योंकि संख्याबल स्पष्ट रूप से भाजपा के पक्ष मे है। मतदान की स्थिति में सरकार और मजबूती से उभर कर अपनी ताकत जता सकती है। ज्यादातर अविश्वास प्रस्ताव उस समय पेश किए जाते हैं, जब सरकार सदन में अल्पमत की स्थिति में हो और बहुमत पेश करने में असमंजस के दौर से गुजरना पड़ रहा हो ? लेकिन हम भली भांति जानते हैं कि वर्तमान में विपक्ष का मुख्य उद्देश्य मणिपुर हिंसा के परिप्रेक्ष्य में सरकार को घेरकर प्रश्नों के उत्तर मांगना है। हालांकि इस सिलसिले में सरकार संसद के बाहर चाहे गए प्रश्नों के उत्तर दे रही है, लेकिन संसदीय कार्यप्रणाली के मापदंडों में ये उत्तर आधिकारिक नहीं हैं। दूसरे, विपक्ष का यह त्रियाहठ ही है कि वह इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री का ही जवाब चाहता है। यह कोई संविधान-सम्मत बाध्यकारी तथ्य नहीं है कि प्रधानमंत्री ही जवाब दें। विषय से संबंधित विभाग का मंत्री भी जवाब दे सकते हैं। प्रधानमंत्री तो सदन के बाहर कुछ न कुछ प्रतिक्रिया दे ही रहे हैं, वरना पीवी नरसिंह राव और मनमोहन सिंह ऐसे प्रधानमंत्री रहे हैं, जो बड़े से बड़े मुद्दे पर चुप्पी साधे रखना ही अपने दल और देश का हित मानते रहे हैं। बावजूद सदन के प्रत्येक सदस्य को यह अधिकार संसद देती है कि वह मंत्री समेत प्रधानमंत्री से भी सीधा जवाब तलब कर सकते हैं। देश यह भी भली भांति जानता है कि नरेंद्र मोदी ऐसे समर्थ वाक्पटु प्रधानमंत्री हैं, जो जटिल से जटिल प्रश्न का उत्तर अपने गठबंधन और देश के हित को ध्यान में रखते हुए बेबाकी से दे सकते हैं। लेकिन हर मुद्दे को वे इस हद तक ले जाते हैं कि एक तो उसमें प्रति-प्रश्न करने की कोई गुंजाइश न रह जाए, दूसरे विपक्ष थक-हार कर खुद ही मौन होने की मनस्थिति में आ जाए। फिर भी प्रधानमंत्री जानते हैं कि लोकतंत्र में संसद में जवाब मांगने के अधिकार की रक्षा संवैधानिक दायित्व भी इसलिए वे जवाब तो देंगे ही, परंतु मणिपुर की तात्कालिक हिंसा और उसके अतीत की पृष्ठभूमि से ऐसे सवाल उठाएंगे कि विपक्ष बगलें झांकने लग जाए ? क्योंकि मणिपुर आजादी के समय से ही एक ऐसा सुलगता सवाल रहा है, जिसमें बढ़ते ईसाईकरण और बांग्लादेश व म्यांमार के घुसपैठिए जातीय हिंसा को चिंगारी दिखाने का काम करते रहे हैं। मणिपुर में कुछ दिनों की फौरी शांति के बाद जो हिंसा भड़की हैं, उसमें शक की सुई उन 718 लोगों पर जा टिकी है, जो हिंसा के दो दिन पहले ही म्यांमार से मणिपुर में अवैध तरीके से घुसे हैं। इस घुसपैठ के बाद से ही सेना और सैन्य बलों पर सीधे हमले शुरू हो गए हैं। ताजा हमला टेंग्नोउपाल जिले के मोरेह कस्बे में हुआ है। यह इलाका भारत का आखिरी शहर है और म्यांमार की सीमा से सटा है। कुकी महिला यूनियन और ह्यूमन राइट्स ऑफ मोरेह के सशस्त्र हमलावरों ने वन विभाग के दफ्तर समेत तीस से ज्यादा घरों को आग के हवाले कर दिया। संपत्ति और धन की लूटपाट की। कस्टम प्रिवेंटिव फोर्स के दफ्तर में भी आग लगा दी। हिंसक घटनाओं से रूबरू होते रहने के बावजूद मौके पर मौजूद मणिपुर पुलिस कमांडो, असम रायफल्स और सेना के जवान शांत रहे। लेकिन जब इस उपद्रवी समूह ने जवानों पर ही गोलीबारी शुरू कर दी और एक महिला सैनिक की मौत हो गई, तब सेना ने भीड़ में हस्तक्षेप और हवाई फायरिंग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। स्थानीय पुलिस अधिकारियों का मानना है कि ये हमलावर म्यांमार के चिन-कुकी उग्रवादी हैं, जो दो दिन पहले ही भारतीय सीमा में अवैध रूप से घुस आए हैं। गोया, यह मुद्दा स्थानीय मैतेई, नगा और कुकी जातीय समुदायों का न रहकर विदेशी घुसपैठियों की दखल का मुद्दा भी बन गया है। इसे चीन का समर्थन भी हो सकता है ? अतएव यहां यह भी समझने की जरूरत है कि यह मुद्दा मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों पर लगाई गई लगाम का भी परिणाम है। इसलिए इसे केवल कुकी समुदाय का मुद्दा मानकर चलना भ्रम होगा ? नशे के कारोबारियों का जाल केवल मणिपुर या भारत में ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर फैला हुआ है। विपक्ष इस सच्चाई से खूब परिचित है। वह जानता है कि आखिरकार अविश्वास प्रस्ताव का परिणाम राजग के हित में रहना है। लेकिन मणिपुर हिंसा को लेकर प्रस्ताव लाने की एक बड़ी वजह अक्टूबर-नवबंर में पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और फिर उसके पांच माह बाद आम चुनाव होना भी है। इसलिए विपक्ष मणिपुर को लेकर एक ऐसे नैरेटिव (कथा) को महिमामंडित करना चाहता है, जिसकी परछाईं में मोदी सरकार के उज्जवल पक्ष को धूमिल किया जा सके ? वरना अविश्वास प्रस्ताव तब लाया जाता है, जब विपक्ष या देश को लगे कि सरकार ने सदन में बहुमत और जनता में विश्वास खो दिया है। फिलहाल मोदी सरकार ऐसी किसी भी विडंबनापूर्ण स्थिति का सामना नहीं कर रही है। देश-दुनिया में जो भी सर्वेक्षण हो रहे हैं, उनमें मोदी शिखर पर हैं और सदन में संख्याबल का संकट दूर-दूर तक नहीं है। फिर भी अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में आम जनता रुचि लेती है। विपक्षी सांसदों को सदन में बोलने का अवसर मिलता है। मणिपुर के साथ-साथ ये लोग महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को भी उछालकर सरकार को कठघरे में खड़ा करते हैं और क्षेत्र में लोकप्रिय हो जाते है। इस चर्चा से विपक्षी दलों के नए गठबंधन को प्रगाढ़ होने का अवसर भी मिल सकता है। लेकिन चतुर-सुजान मोदी नए गठबंधन की एकजुटता पर भी ऐसे प्रहार कर सकते हैं, जिनका विपक्षी दलों को जवाब देना ही मुश्किल हो जाएगा ? साथ ही यदि गठबंधन मतदान के समय अपेक्षित संख्या दिखाने में चूक जाता है तो अविश्वास प्रस्ताव के खेल का दांव उलटा भी पड़ सकता है।

**– प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# मादक पदार्थों की तस्करी

आतंकवादी और अलगाववादी संगठन प्रायः धन जुटाने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी का सहारा लेते हैं।भारत को अपनी सीमाओं पर कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उनमें सामरिक की अपेक्षा आतंकी घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध तरीके से प्रवासन आदि की चुनौतियां अधिक जटिल हैं। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से ऐसी चुनौतियां ज्यादा मिलती हैं और उस पर निगरानी का तंत्र काफी पुख्ता कर लिया गया है, पर उसे पूरी तरह चाक-चौबंद नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अब भी कश्मीर घाटी में आतंकवाद, पंजाब में मादक पदार्थों की तस्करी और पूर्वोत्तर में अवैध प्रवासन पर पूरी तरह अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया है। अब विदेश मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने सुझाव दिया है कि आतंकवाद की चुनौतियों से निपटने के लिए संपर्क संबंधी कमियों को दूर करने की जरूरत है। वहां अब भी आए दिन घुसपैठ की कोशिशें देखी जाती हैं। इसकी बड़ी वजह जरूरी संचार तकनीक का उपयोग न हो पाना है। भारत-पाकिस्तान के ज्यादातर हिस्से में बाड़बंदी है, मगर कई इलाके अब भी ऐसे हैं जहां से उन्हें घुसपैठ का रास्ता बनाने में कामयाबी मिल ही जाती है। उन इलाकों में ड्रोन और अत्याधुनिक निगरानी तकनीकी का सहारा लिया जाता है, मगर वे पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो पा रहे। आतंकवाद पर काबू पाने के लिए जरूरी है कि खुफिया एजेंसियों, तमाम सुरक्षाबलों और स्थानीय पुलिस-प्रशासन के बीच परस्पर संपर्क बना रहे। मगर कई जगहों पर इसकी कमी महसूस की जाती है। कई बार देखा गया है कि खुफिया एजेंसियों की सूचना पर अमल में कई दिन लग जाते हैं, तब तक आतंकी अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं।हालांकि घाटी में घुसपैठ पर सख्ती से नजर रखी जाती है, इसके लिए अत्याधुनिक सूचना उपकरणों का इस्तेमाल भी किया जा रहा है, मगर आतंकवादी संगठन सुरक्षाबलों की रणनीति को भेदने या उनसे बचने के नए-नए तरीके इस्तेमाल करते रहते हैं। पिछले दिनों खुद सेना ने स्वीकार किया था कि आतंकियों ने संचार माध्यमों के बजाय सूचनाएं पहुंचाने के लिए नाबालिगों, महिलाओं आदि का सहारा लेने लगे हैं।अब उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में अपने लोगों को प्रवेश दिलाने की कोशिश शुरू की है, ताकि वहां युवाओं को आतंकी संगठनों में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस तरह आतंकी संगठनों की साजिशों और रणनीतियों का पता लगाने के लिए जिस तरह के सूचना-तंत्र की जरूरत है, वह अभी तक विकसित नहीं हो पाई है।आतंकवादी और अलगाववादी संगठन प्रायः धन जुटाने के लिए मादक पदार्थों की तस्करी का सहारा लेते हैं। इस मामले में पंजाब से सटी सीमा और पूर्वोत्तर में उनके लिए रास्ता तलाशना आसान हो जाता है। हालांकि सरकार ने दावा किया है कि वह मादक पदार्थों की तस्करी पर काफी कड़ाई की है और आने वाले समय में इस पर पूरी तरह रोक लगाना संभव हो जाएगा। मगर इसका भरोसा नहीं बन पाता। पिछले कुछ सालों में मादक पदार्थों की भारी-भारी खेप पकड़ी गई हैं, जिससे साबित होता है कि इसका तंत्र काफी जटिल है। इस पर नजर रखने के लिए भी सूचना तंत्र को अत्याधुनिक और ज्यादा भरोसेमंद बनाना जरूरी है। पूर्वोत्तर की भौगोलिक बनावट ऐसी है कि वहां बांग्लादेश और पाकिस्तान से घुसपैठ करके आना और फिर वहीं बस जाना आसान लगता है। ऐसी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाना संभव नहीं हो पाया है। ऐसे में संसदीय समिति के सुझावों पर गंभीरता से अमल की उम्मीद की जाती है।

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवसः पृथ्वी के सृजन की रक्षा करते हुए हम आत्मा की उन्नति का पोषण करते है

प्रकृति संरक्षण दिवस प्रकृति के सौन्दर्य और उसके महत्व का उत्सव मनाने का दिन है। यह हमारे प्राकृतिक संसार के सामने खड़ी चुनौतियों के प्रति जागरुकता बढ़ाने का भी दिन है। दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष जिसका हमारे पूर्वज बहुत सम्मान करते थे वह है हमारे बाहरी पर्यावरण और हमारे आंतरिक स्व के बीच परस्पर जुड़ाव। जिस प्रकार हम अपने आस-पास फैली प्राकृतिक दुनिया की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रयास करते हैं, उसी प्रकार हमारे आंतरिक पर्यावरण के महत्व को पहचाना भी उतना ही आवश्यक है, जो अकेले ही बाहरी पर्यावरण की रक्षा, पोषण तथा संरक्षण कर सकता है। लेकिन बीते दिनों में पूर्वजों ने पर्यावरण का संरक्षण भला कैसे किया होगा? पूरे इतिहास में, विभिन्न संस्कृतियों ने प्राकृतिक दुनिया के हर पहलू में दैवीय उपस्थिति को पहचानते हुए, प्रकृति के तत्वों के प्रति गहरी श्रद्धा रखी है। हिंदुओं का मानना था कि प्रकृति के प्रत्येक तत्व को सर्वोच्च दिव्यता की अभिव्यक्ति के रूप में पूजा जाता है। वेदों, उपनिषदों और पुराणों के पवित्र ग्रंथ, वर्षा देवताओं, वायु देवताओं और पेड़ों आदि के प्रति गहरी श्रद्धा से भरे हुए हैं। दिव्य और प्राकृतिक संसार के बीच आध्यात्मिक संबंध अविभाज्य है, जो एक ही परम् वास्तविकता के दो पहलू हैं। सूफियों की शिक्षाएं प्राकृतिक दुनिया का सम्मान और संरक्षण करने पर भी बहुत जोर देती हैं। हृदय-आधारित ध्यान का उपयोग करते हुए सूफी परम्पराओं में पृथ्वी, अंतरिक्ष, अग्नि, जल तथा वायु जैसे तत्वों को गहरी श्रद्धा के साथ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि जैन तीर्थंकरों को कुछ देशी पेड़ों के नीचे ध्यान करने के बाद ज्ञान प्राप्त हुआ था। विलियम वड्र्सवर्थ, जिन्हें अक्सर "प्रकृति के कवि" के रूप में जाना जाता है, का मानना था कि प्राकृतिक दुनिया की सुंदरता व्यक्तियों को आपसी प्रेम, करूणा और सार्वभौमिक भाईचारे की भावना की ओर ले जा सकती है। शैली ने, "प्रकृति के उपासक" के रूप में अपनी स्वयं-घोषित भूमिका में, मानवता को वास्तविक प्रसन्नता और पूर्णता की ओर मार्गदर्शन करने की प्रकृति की क्षमता को पहचाना। विभिन्न संस्कृतियों और इतिहास के काल-खण्डों में प्रकृति के प्रति स्थाई श्रद्धा हमें प्राकृतिक संसार के साथ हमारे गहन आध्यात्मिक संबंध की याद दिलाती है। इस संबंध को अपनाने से हमारे पर्यावरण की गहरी सराहना हो सकती है; और हमें आंतरिक शांति, दयालुता और सामंजस्यपूर्ण अस्तित्व के लिए प्रकृति के साथ गहरा संबंध बनाने के लिए प्रोत्साहन मिलता है। पशुओं और पेड़ों में प्रकृति की रक्षा करने वाली मानवीय भावनाओं का अभाव है। प्रकृति को बचाने के लिए कार्य करने में असफल होना, उसे हस्ताक्षेप करने और संतुलन लाने के लिए आमंत्रित करता है। मेरे आध्यात्मिक गुरू, शाहजहाँपुर के श्री राम चन्द्र ने जोर दिया: "सुधर जाओ या समाप्त हो जाओ।" चरित्र, व्यवहार और अखंडता का व्यक्तिगत परिवर्तन हमारे भीतर शांति का विस्तार करता है, वैश्विक सद्भाव को बढ़ावा देता है। कार्बन डाइ-ऑक्साइड और ऑक्सीजन के पारिस्थितिक आदान-प्रदान के अलावा, पेड़ हमारे मानसिक कंपन के साथ भी गहरा संबंध साझा करते हैं। उनकी शांत और शांतिपूर्ण ऊर्जा चिंता और घबराहट को कम कर सकती है। आध्यात्मिक विज्ञान द्वारा समर्थित, हार्टफुलनैस ध्यान के आदिगुरू, फतेहगढ़ के राम चन्द्र ने पेड़ों को प्राणाहुति की आध्यात्मिक ऊर्जा के वाहक के रुप में मान्यता दी। हालाँकि हम एक दिन इस ग्रह को छोड़ सकते हैं, प्रकृति और हमारी चेतना के बीच स्थायी बंधन बना रहता है। पेड़ों से निकलने वाली आध्यात्मिक ऊर्जा हमारी प्रजाति के आध्यात्मिक अस्तित्व की रक्षा करती है, प्रकृति के साथ एक शाश्वत प्रेम कथा को कायम रखती है।

**लेखक- ‘दाजी’ कमलेश पटेल**

# श्री बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष ने राज्यपाल से की भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में श्री बद्री केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने अजय से प्रदेश में गतिमान चार धाम यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। राज्यपाल ने उनसे श्री बद्रीनाथ एवं श्री केदारनाथ में मास्टर प्लान के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली।



# डीजीपी ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में डीजीपी अशोक कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्यपाल ने डीजीपी से हाल ही में संपन्न हुई कांवड़ यात्रा एवं प्रदेश में कानून व्यवस्था से संबंधित विषयों पर जानकारी प्राप्त की




वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125

आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties

Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property

CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो

पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें

जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।

05944-246817

CONSTRUCTING HAPPINESS

Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden

RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497

काशी गार्डन

आवासीय प्लॉट एवं विला

- रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
- 40 एवं 30 फीट की सड़कें
- 4 पार्क
- गेट बंद कॉलोनी
- सीव्रेज व्यवस्था
- ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
- 90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा

साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर

86504-18000